आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 343 | उज्जैन, सोमवार 03 नवम्बर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

# विकसित एवं आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का रोडमैप है विजन डॉक्यूमेंट

## वर्ष 2047 तक म.प्र. बनेगा 2.5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का प्रदेश-मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 'मध्यप्रदेश 2047 विजन डॉक्युमेंट राज्य को आर्थिक रूप से सशक्त, सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और नागरिक जीवन की गुणवत्ता को उच्चतम स्तर तक पहुँचाने का रोडमैप है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विज़न डॉक्युमेंट में वर्ष 2047 तक प्रदेश को 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले राज्य के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रति व्यक्ति आय 22 लाख रुपये, औसत आयु 84 वर्ष और साक्षरता दर 100 प्रतिशत तक बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया गया है। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को औद्योगिक और सेवा क्षेत्र के साथ संतुलित कर राज्य को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की रूपरेखा तैयार की गई है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत॥2047' के विज़न से प्रेरित यह दृष्टिपत्र, संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक जड़ों को सहेजे मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने का आधार बनेगा।

जनभागीदारी से तैयार 'समृद्ध मध्यप्रदेश॥2047' दृष्टिपत्र

यह विजन डॉक्युमेंट राज्य की अब तक की सबसे बड़ी जनभागीदारी प्रक्रिया के माध्यम से बनाया गया है। इसमें चार लाख से अधिक नागरिकों, किसानों, विद्यार्थियों, उद्योगपतियों, विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों की सक्रिय भागीदारी रही है। राज्यभर में आयोजित जनसंवाद, निबंध प्रतियोगिताएँ, उद्योग जगत से परामर्श, शैक्षणिक सत्र और साइट इंस्पेक्शन से प्राप्त सुझावों को इसमें समाहित किया गया है। यह देश में अपनाई गई अनूठी प्रक्रिया है।

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन के अनुसार÷यह दस्तावेज़ केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि नागरिकों की आकांक्षाओं और राज्य की सामूहिक दृष्टि का प्रतिबिंब है।

चार मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित है विजन डॉक्युमेंट

'समृद्ध मध्यप्रदेश॥2047' विजन डॉक्युमेंट चार प्रमुख मार्गदर्शक सिद्धांतों पर केन्द्रित है

1. आर्थिक विकास पर फोकस ङ्क राज्य की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति से आगे बढ़ाने, रोजगार सृजन और प्रदेश में निवेश को आकर्षित करने पर विशेष फोकस रखा गया है।

2. क्षेत्रीय दृष्टिकोण और स्थानीय विशिष्टताओं का समावेश ङ्क प्रदेश के विविध भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक स्वरूप को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक क्षेत्र के लिए अलग रणनीति बनाई गई है।

3. विकसित भारत॥2047 के राष्ट्रीय विज़न में योगदान पर ध्यान मध्यप्रदेश को भारत की विकास यात्रा का प्रमुख भागीदार बनाना इस विजन डॉक्युमेंट का प्रमुख उद्देश्य है।

# एमडी ड्रग्स फैक्ट्री केस में राजस्थान पुलिस का बड़ा एक्शन



नई दिल्ली (एजेंसी)। ड्रग्स तस्करी के मामले में राजस्थान पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एमडी ड्रग्स फैक्ट्री के मुख्य सप्लायर रोहन प्रभाकर को गिरफ्तार कर लिया है। रोहन को मुंबई से पकड़ा गया है और उसके ऊपर कई गंभीर आरोप लगे हैं।

महाराष्ट्र के रायगढ़ में रहने वाला रोहन प्रभाकर केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड का मालिक है। रोहन पर आरोप है कि वो लंबे समय से ड्रग तस्करों को अवैध रूप से केमिकल मुहैया करवा रहा था।

क्या हैं आरोप- रोहन प्रभाकर क्लोरोफॉर्म, अमोनिया क्लोराइड, एसिड, टोलविन समेत कई तरह के केमिकल्स की सप्लाई करता था। वहीं, बाड़मेर पुलिस को उसके मुंबई में होने की सूचना मिली थी। इसी कड़ी में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। 3 महीने पहले खुला था ड्रग रैकेट का राज

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना के अनुसार, 22 जुलाई को सेड़वा के धोलकिया क्षेत्र में एक अवैध एमडी ड्रग्स फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ था, जहां से 39 किलो 250 ग्राम एमडी घटक, 290 किलो 840 ग्राम लिक्विड केमिकल्स और पांच किलो 330 ग्राम सफेद पाउडर जब्त किया गया था।

## बेंगलुरु के बच्चों ने चुराया हर्ष गोयनका का दिल, स्टार्टअप पिच देख बोले- शार्क टैंक और आइडियाबाज को भूल जाओ



नई दिल्ली (एजेंसी)। आरपीजी एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष और उद्योगपति हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक दिल छू लेने वाला वीडियो शेयर किया है। जिसमें तीन बच्चे अभिनव स्टार्टअप आइडिया, इको वाला को प्रस्तुत कर रहे हैं।

उद्योगपति हर्ष गोयनका ने वीडियो शेयर करते हुए पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए बेंगलुरु के बच्चों की सराहना की। वायरल वीडियो में बच्चे उत्साहपूर्वक अपने व्यवसाय की अवधारणा को समझाते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिसमें वे बिना किसी गोंद या कैंची का उपयोग किए पर्यावरण के अनुकूल पेपर बैग बना रहे हैं।

बता दें कि बेंगलुरू के शारदा, नचिकेत और समुदाया नामक बच्चों ने एक वीडियो में अपने बिजनेस मॉडल के बारे में बताया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। जानकारी के अनुसार, उनका स्टार्टअप मात्र 10 रुपये में मासिक सदस्यता सेवा प्रदान करता है, जिसके तहत ग्राहक हर रविवार को अपने दरवाजे पर दो पेपर बैग प्राप्त कर सकते हैं। वे आयोजनों और समारोहों के लिए अतिरिक्त बैग भी प्रदान करते हैं और नए ग्राहकों को मुफ्त नमूने भी प्रदान करते हैं।

# पूर्वांचल में किसानों की मेहनत पर चक्रवात का कहर, खेतों में ही फूटे धान में अंकुर




नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम साफ होते ही किसान खेतों में गिरे धान की फसल को सवारने में जुट गए हैं। चक्रवाती तूफान के कारण फसल को हुए नुकसान का आकलन करने वाले किसानों को अब यह स्पष्ट हो गया है कि उनकी फसल का नुकसान शत प्रतिशत हुआ है। सिर्फ मऊ ही नहीं बल्कि समूचे पूर्वांचल में यही सूरत नजर आ रही है।

रविवार सुबह से किसान खेतों में गिरे धान को उठाने, बांधने और सवारने में लगे हुए हैं, ताकि कुछ फसल को बचाया जा सके। जिन किसानों की फसल पूरी तरह से पानी में डूब गई है, वे पानी निकालने के उपाय कर रहे हैं। जहां पानी कम हुआ है और फसल पकने में कुछ दिन बाकी हैं, वहां किसान फसलों को बांधकर खड़ा कर रहे हैं।

वहीं, जिनकी फसल तैयार थी, वे पानी में गिरी हुई फसल की कटाई कर रहे हैं। अधिकांश गिरी हुई धान की फसल में अंकुर निकल आया है, जो अब किसी काम का नहीं रह गया है।

किसानों का कहना है कि चक्रवात ने उनकी कमर तोड़ दी है। घर-परिवार के लिए खाने की सामग्री भी नहीं बची है। ऐसे में बीज, खाद, दवा और जुताई का खर्च भी उनके लिए चिंता का विषय बन गया है। पलिगढ, लोहाटिकर, तेंदुली, खानपुर, दुर्जेपुर, मखुनी, सेमरी, करपिया सहित क्षेत्र के सभी किसानों की यही स्थिति है। किसी का नुकसान कम है तो किसी का अधिक। कुछ किसान ऐसे भी हैं जिनके खेत छोटे थे, लेकिन उनकी पूरी फसल बर्बाद हो गई है।

## कमीशन विवाद के बाद दोस्तों ने की हत्या, शव जलाया




नई दिल्ली (एजेंसी)। पुलिस ने कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानगर के तुरीटोंगरी के जंगल मे मिले अधजले शव के मामले का राजफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों मे एक बाल अपचारी भी शामिल है। मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि पुलिस को तुरी टोंगरी के जंगल से अध जला शव 18 अक्टूबर को मिली थी।

इस शव की पहचान के लिए कोतवाली पुलिस ने गुमइंसान के मामलों को खंगालने के साथ ही शहर और आसपास के ग्रामीण अंचल मे मुखबिरों को सक्रिय किया। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि शहर के नजदीकी गांव सिटोंगा से एक युवक सीमित खाखा (28 वर्ष) लापता है। वह गांव के अपने दोस्तों के साथ रोजगार की तलाश मे झारखंड गया था।

उसके दोस्त वापस आ गए हैं लेकिन सीमित अभी तक घर नहीं पहुंचा है। सूचना पर पुलिस पुलिस ने सीमित के स्वजनों को अधजले शव की पहचान के लिए बुलाया। पहचान सुनिश्चित होने पर कोतवाली पुलिस ने सीमित के दोस्त आरोपित रामजीत 25 वर्ष,वीरेंद्र राम 24 वर्ष के अपचारी बालक को पूछताछ के लिए कोतवाली ले आई।

कमीशन की राशि को लेकर हुई हत्या- पुलिस के अनुसार सीमित अपने आरोपित दोस्तों के साथ बोरिंग मशीन मे काम करने के लिए झारखंड के हजारीबाग़ गए थे। यहां गांव से बोरिंग मशीन के मालिक को मजदूर सप्लाई करने के एवज मे मोटा कमीशन मिला था।

## बेंगलुरु में तेज रफ्तार एंबुलेंस ने कई गाड़ियों को रौंदा, कपल की मौके पर ही मौत



नई दिल्ली (एजेंसी)। कर्नाटक के बेंगलुरु में एक तेज रफ्तार एंबुलेंस ने कई लोगों को टक्कर मार दी। एंबुलेंस कई मोटरसाइकलों को अपने साथ दूर तक घसीटते हुए ले गई। स्कूटर से जा रहा कपल भी एंबुलेंस की चपेट में आ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इन सनसीखेज हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। यह हादसा बेंगलुरु के रिचमंड सर्किल के पास शनिवार की रात लगभग 10 बजे देखने को मिला। एक एंबुलेंस पीछे से काफी तेज स्पीड में आ रही थी। इस दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई।

# बिहार का युवा बिहार में ही काम करेगा, एनडीए के 1 करोड़ रोजगार के प्लान पर बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार का युवा अब बिहार में ही काम करेगा और बिहार का नाम करेगा। उन्होंने आरा में रविवार को भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह बात कही। पीएम मोदी ने कहा कि इसके लिए आने वाले वर्षों में एक करोड़ रोजगार देने का ऐलान किया गया है। सिर्फ ऐलान किया है ऐसा नहीं है, यह कैसे होगा इसका प्लान भी जनता के सामने रख दिया गया है। आज दुनिया में मेक इन इंडिया के प्रति बहुत उत्साह है। हमारा लक्ष्य है कि बिहार भी मेड इन इंडिया का केंद्र बने।

आरा रैली में पीएम नरेंद्र मोदी ने महागठबंधन के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा बताया। उन्होंने कहा कि एनडीए के संकल्प पत्र में बच्चों की शिक्षा, परिवार के स्वास्थ्य सेवा, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर और किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं से संबंधित प्रावधान किए गए हैं।



प्रधानमंत्री ने कहा, एक तरफ एनडीए ने ईमानदार घोषणापत्र पेश किया है, वहीं दूसरी तरफ जंगलराज वालों ने अपने घोषणापत्र को झूठ, छल और जनता को गुमराह करने वाले दस्तावेज में बदल दिया है। क्या जनता उन्हें मूर्ख लगती है? मत भूलिए, ये जनता है; ये सब जानती है।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं और बेटियों को सशक्त बनाने के लिए कई अन्य मजबूत उपाय बताए गए हैं, ताकि बिहार की महिलाएं ज्यादा से ज्यादा लखपति दीदी बन सकें।

प्रधानमंत्री ने बिहार की युवा आबादी पर जोर देते हुए कहा कि एनडीए राज्य में शिक्षा और कौशल विकास पर ज़ोर दे रहा है। उन्होंने राज्य के लोगों से एक करोड़ नौकरियों और रोजगार के अवसरों का वादा दोहराया और कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के तरीके भी घोषणापत्र में बताए गए हैं।

उन्होंने आगे कहा, बिहार सबसे ज्यादा युवा आबादी वाले राज्यों में से एक है, इसलिए एनडीए यहां शिक्षा और कौशल विकास पर जोर दे रहा है। यह प्रतिबद्धता हमारे संकल्प पत्र में साफ झलकती है। बिहार की 243 सीटों वाली विधानसभा के लिए 6 और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा।

# ईसाइयों पर हमला तुरंत बंद करो, अब इस देश में अटैक करने वाले हैं ट्रंप; अमेरिकी रक्षा विभाग को दिए कड़े निर्देश



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि उन्होंने रक्षा विभाग को नाइजीरिया में संभावित सैन्य कार्रवाई के लिए तैयार रहने के आदेश दिए हैं। ट्रंप का आरोप है कि नाइजीरिया सरकार ईसाइयों के खिलाफ हो रही हिंसा रोकने में नाकाम रही है, जबकि नाइजीरिया ने इस आरोप से इनकार किया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका नाइजीरिया को दी जाने वाली हर मदद तुरंत बंद करेगा और चेतावनी दी कि सरकार को तेजी से कदम उठाने होंगे। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अमेरिका इस बदनाम देश में जाकर आतंकियों का सफाया करेगा।

ट्रंप ने किया पोस्ट- ट्रंप ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैं रक्षा विभाग को आदेश दे रहा हूं कि वे कार्रवाई के लिए तैयार रहें। अगर हमने हमला किया तो वह तेज, घातक और सटीक होगा जैसे ये आतंकवादी हमारे प्यारे ईसाइयों पर हमला करते हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी ट्रंप की पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, हम तैयारी कर रहे हैं। या तो नाइजीरियाई सरकार अपने ईसाइयों की रक्षा करे या हम उन आतंकियों को खत्म करेंगे जो इन अत्याचारों के पीछे हैं।

हालांकि, नाइजीरिया में हिंसा की स्थिति जटिल है। वहां ईसाई और मुस्लिम दोनों समुदाय ही हिंसा के शिकार बनते हैं। कई घटनाए धार्मिक कारणों से नहीं बल्कि किसानों और चरवाहों के बीच जमीन और संसाधनों के झगड़ों से जुड़ी होती है।

नाइजीरिया देश में शामिल- ट्रंप ने शुक्रवार को नाइजीरिया को धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन करने वाला देश बताते हुए उसे कंट्री ऑफ पर्टिकुलर कनशर्न की सूची में डाला था। उन्होंने कहा कि नाइजीरिया में ईसाई धर्म अस्तित्व के संक से गुजर रहा है।

## 15 साल के युवक पर आया अमेरिकी बैंक के सीईओ का दिल

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूएस फाइनेंशियल कंपनी के सीईओ बॉब हार्टहाइमर को चाइल्ड पोर्नोग्राफी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उनपर 15 साल के नाबालिग युवक संग अश्लील तस्वीरें शेयर करने का आरोप है। इस मामले का खुलासा FBI के स्टिंग ऑपरेशन में हुआ है। वहीं, मामला उजागर होने के बाद बैंक ने बॉब को निष्कासित कर दिया है।

वॉल स्ट्रीट जनरल के अनुसार, बॉब इवॉल्व बैंक एंड ट्रस्ट के सीईओ के पद पर नियुक्त थे। इसी दौरान एक गे ऐप पर उनकी मुलाकात 15 वर्षीय युवक से हुई। बॉब पर नाबालिग युवक के साथ अश्लील गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। साथ ही उन्होंने अपनी आपत्तिजनक तस्वीरें भी ऑनलाइन पर शेयर की हैं।



मैसेज कर पूछी मर्जी- मामले की जांच 19 अक्टूबर को शुरू हुई थी, जब FBI के एक कर्मचारी ने नाबालिग बच्चे के साथ बॉब के संबंधों का पर्दाफाश किया। वो 15 वर्षीय युवक कोई और नहीं, बल्कि FBI का एजेंट था। टॉम नामक एक यूजर ने उसे मैसेज करते हुए पूछा, क्या तुम एक बूढ़े और मजेदार आदमी के साथ संबंध बनाना चाहोगे?

भेजी अश्लील तस्वीरें- हलफनामें के अनुसार, टॉम ने 15 वर्षीय एजेंट से निजी मुलाकात के बारे में पूछा और स्नैपचैट पर बातचीत जारी रखने की अपील की। स्नैपचैट पर उसने सेक्स से जुड़ी बातें की और एजेंट से खुद की अश्लील तस्वीरें भेजने को कहा। यही नहीं, टॉम ने भी अश्लील तस्वीरें भेजीं और यह तस्वीरें बॉब की थीं। जांच एजेंसी ने जब यूजर का आईपी एड्रेस ट्रेस किया तो इस अकाउंट का कनेक्शन बॉब से निकला।

सीईओ गिरफ्तार- 23 अक्टूबर को पुलिस ने बॉब को गिरफ्तार कर लिया और चाइल्ड पोर्नोग्राफी के आरोप में उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इवॉल्व बैंक के प्रवक्ता का कहना है कि मामला सामने आने के बाद बॉब को तुरंत बर्खास्त कर दिया गया है। बॉब के परिवार को भी इस मामले के बारे में सबकुछ पता है। उनके परिवार ने बॉब का साथ देने का फैसला किया है।


## ट्रंप प्रशासन में नस्लीय हमले तेज, मंदिरों और भारतवंशियों को बनाया जा रहा निशाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल में भारतवंशियों के खिलाफ हेट क्राइम के मामले बढ़े हैं। अक्टूबर 2025 तक ट्रोलिंग के मामलों में 91 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वीजा और माइग्रेंट मामलों पर बहस के बाद नौकरियां छीनने की धमकियां बढ़ीं। ट्रंप ने एच-1बी वीजा शुल्क शुल्क बढ़ाकर भारतीयों के डिपोर्टेशन से माहौल भड़काया।

दरअसल, अमेरिका में बाइडेन कार्यकाल में दक्षिण एशियाई मूल के लोगों के खिलाफ ऑनलाइन नफरत व हिंसा सीमित रही। अक्टूबर 2024 तक 46,000 ट्रोलिंग और 884 धमकियां दर्ज हुईं। जबकि ट्रंप के लौटते ही माहौल बिगड़ गया। एक साल में यानी अक्टूबर 2025 तक ट्रोलिंग बढ़कर 88,000 तक पहुंच गई। यानी ट्रंप सरकार में ट्रोलिंग के मामलों में 91 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। नस्लभेद का यह ट्रेंड पूरे दक्षिण एशियाई समुदाय को निशाना बना रहा है।

सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ ऑर्गनाइज्ड हेट की रिपोर्ट के अनुसार, दिसंबर में वीजा और माग्रेंट मामले में ट्रम्प-मस्क-रामास्वामी बहस के बाद 76 प्रतिशत धमकियां नौकरियां छीनने से जुड़ी रहीं। इस दौरान ट्रंप प्रशासन के एच-1बी वीसा शुल्क बढ़ाने और 104 भारतीयों को डिपोर्ट करने के फैसले ने माहौल को और खराब कर दिया। इससे टेक्सास, वर्जीनिया और कैलिफोर्निया में गोलीबारी और मंदिरों पर हमलों में वृद्धि आई है।

## मेक्सिको के सुपरमार्केट में भयानक विस्फोट, बच्चों समेत 23 की मौत; 11 से ज्यादा घायल




नई दिल्ली (एजेंसी)। मेक्सिको के हर्मोसिलो शहर में शनिवार को वाल्डो स्टोर में हुए भीषण विस्फोट ने कम से कम 23 लोगों की जान ले ली। मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे में 11 लोग घायल हो गए। इन लोगों को शहर के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर राहत और बचाव कार्य तुरंत शुरू किया गया। घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता दी गई।

पारदर्शी जांच का आदेश- सोनोरा राज्य के गवर्नर अल्फोंसो दुराजो ने वीडियो संदेश में कहा कि मृतकों में कई नाबालिग हैं। उन्होंने पारदर्शी जांच का आदेश दिया है ताकि विस्फोट का कारण पता चल सके और जिम्मेदारों को सजा मिले।

उन्होंने कहा, कोई भी इस दर्द को अकेले नहीं झेलेगा। आपातकालीन, सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं ने शुरुआत से ही पेशेवराना तरीके से काम किया और कई जानें बचाईं। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने एक्स पर पोस्ट कर मृतकों के परिजनों और प्रियजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## हर जगह खून ही खून... जान बचाकर शौचालय में भागे लोग; चश्मदीद ने दिया ब्रिटेन की ट्रेन में चाकूबाजी का ब्यौरा




नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्रिटेन के कैम्ब्रिजशायर में शनिवार देर शाम एक ट्रेन में चाकू से कई लोगों पर हमला किया गया। ब्रिटेन की पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से नौ की हालत गंभीर है। इस घटना में पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना के दौरान वहां मौजूद लोगों ने बताया कि वे बचने के लिए शौचालयों में छिप गए और कुछ लोग भागने की कोशिश में दूसरों के पैरों तले कुचल दिए गए।

ब्रिटिश ट्रांसपोर्ट पुलिस के अनुसार, जिस रूट पर चाकूबाजी की घटना हुई है वो अक्सर यात्रियों से भरा रहता है। ट्रेन उत्तर-पूर्व में डोनकास्टर से लंदन के किंग्स क्रॉस स्टेशन तक चल रही थी। इसी दौरान स्थानीय समयानुसार शाम 7.30 बजे ट्रेन के पीटरबरो स्टेशन से रवाना होने के कुछ ही देर बाद सामूहिक चाकूबाजी की घटना घटी।

हर जगह खून था- एक चश्मदीद ने बताया कि उसने एक आदमी को बड़े चाकू के साथ देखा था और कहा कि हर जगह खून फैला हुआ था। बचने के लिए शौचालयों में छिप गए और कुछ लोग भागने की कोशिश में दूसरों के पैरों तले कुचल दिए गए। मैंने कुछ लोगों को चिल्लाते हुए सुना, हम तुमसे प्यार करते हैं।

एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने स्काई न्यूज को बताया कि उसने एक पीड़ित को गाड़ी से उतरते हुए यह कहते हुए देखा, उनके पास चाकू है; मुझे चाकू मारा गया है। एक तीसरे गवाह ने बीबीसी को बताया कि उसने शुरुआत में लोगों को चिल्लाते हुए सुना, भागो, भागो, एक आदमी सचमुच सबको चाकू मार रहा है।

## रूस ने लॉन्च की प्रलय दिवस मिसाइल- ये परमाणु ड्रोन पनडुब्बी किन देशों को खत्म करने में सक्षम?

नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस ने अपनी नवीनतम परमाणु पनडुब्बी लॉन्च की है जो पोसिडॉन परमाणु ड्रोन से लैस होगी।

यह ड्रोन प्रलय दिवस मिसाइल के रूप में भी जाना जाता है और तटीय देशों को खत्म करने में सक्षम है। रूस द्वारा यह परीक्षण ऐसे वक्त में हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हाल ही में रूस के Burevestnik मिसाइल परीक्षण की आलोचना की थी।

रूस ने प्रलय दिवस ड्रोन का नया परमाणु पनडुब्बी वाहक पोत लॉन्च किया है।




इसका शुभारंभ रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव ने सेवेरोडविंस्क के सेवमाश शिपयार्ड में एक भव्य समारोह में किया। बेलौसोव ने शनिवार देर रात प्रेस वार्ता में कहा, आज हमारे लिए एक महत्वपूर्ण दिन है - प्रसिद्ध सेवमाश के पिछले हिस्से से भारी परमाणु ऊर्जा चालित मिसाइल क्रूजर खाबरोवस्क का प्रक्षेपण किया जा रहा है।

सेवमाश शिपयार्ड ने इससे पहले भारत के लिए आईएनएस विक्रमादित्य विमानवाहक पोत का नवीनीकरण किया था।

रूसी समाचार एजेंसी के अनुसार, रूसी रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि पानी के अंदर काम करने वाले हथियारों और रोबोटिक प्रणालियों से लैस यह पनडुब्बी रूस को अपनी समुद्री सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुनिया के महासागरों के विभिन्न क्षेत्रों में अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में सक्षम बनाएगी।

## US वीजा आवेदनों के लिए राहत, FLAG प्रणाली फिर से शुरू




नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी श्रम विभाग ने विदेशी श्रम आवेदन गेटवे प्रणाली को फिर से शुरू कर दिया है। इससे अब लोग H-1B, H-2A, H-2B और PERM वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस बहाली से यूएस वीजा आवेदनों को गति मिलेगी और नियोक्ताओं को अपने विदेशी कर्मचारियों के लिए वीजा आवेदनों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

दरअसल, विदेशी श्रम प्रमाणन कार्यालय (ओ.एफ.एल.सी.) विदेशी श्रम प्रमाणन कार्यालय ने अस्थायी और स्थायी रोजगारों के लिए श्रम प्रमाणन निर्धारण के अनुरोधों पर कार्रवाई फिर से शुरू कर दी है। इससे नियोक्ताओं को नए आवेदन दाखिल करने, लंबित मामलों पर नजर रखने और लंबित मामलों को निर्णय की ओर ले जाने में मदद मिलेगी।

विदेशी श्रम प्रमाणन कार्यालय ने पुष्टि की है कि यह प्लेटफॉर्म सक्रिय और क्रियाशील है। सिस्टम के पुनः ऑनलाइन होने के साथ ही विभाग ने अस्थायी और स्थायी दोनों प्रकार के रोजगारों के लिए प्रचलित मजदूरी और श्रम प्रमाणन निर्धारण के अनुरोधों पर कार्रवाई पुनः शुरू कर दी है।

अपनी घोषणा में विभाग ने कहा कि विदेशी श्रम प्रमाणन कार्यालय (ओएफएलसी) की विदेशी श्रम आवेदन गेटवे (एफएलएजी) प्रणाली अब सुलभ है और यह प्रणाली उपयोगकर्ताओं को नए आवेदन तैयार करने और प्रस्तुत करने के साथ-साथ अंतिम निर्णय तक अपने आवेदन से संबंधित जानकारी प्रस्तुत करने और प्राप्त करने की अनुमति देती है।

इसमें यह भी कहा गया है कि हम इससे होने वाली किसी भी असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं और हस्रष्ट के पूर्ण परिचालन स्थिति में वापस आने तक आपके धैर्य की सराहना करते हैं।

# कैंसर मरीजों के लिए फ्री बस यात्रा, लेकिन आवेदन के लिए देने होंगे ये जरूरी दस्तावेज



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम ने कैंसर मरीजों को बड़ी राहत दी है। निगम ने एक आदेश जारी किया है जिसके तहत अब कैंसर मरीज राज्य के किसी भी अस्पताल में इलाज के लिए मुफ्त बस यात्रा कर सकेंगे। यह सुविधा सभी तरह की KSRTC बसों, जिसमें ऑर्डिनरी से लेकर सुपरफास्ट तक शामिल हैं उसमें मिलेगी।

यह योजना कीमोथेरेपी, रेडिएशन और अन्य इलाज से जुड़ी यात्राओं के लिए लागू होगी। इससे पहले राज्य के परिवहन मंत्री केबी गणेश कुमार ने इस तरह की योजना शुरू करने की घोषणा की थी। आदेश 29 अक्टूबर को KSRTC के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर प्रमोद संकर ने जारी किया।

यात्री कैसे कर सकते है आवेदन- मुफ्त यात्रा का लाभ पाने के लिए मरीजों को RFID कार्ड बनवाना होगा। इसके लिए वेबसाइट Keralartcit.com पर आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ मरीज को पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की कॉपी, पते का प्रमाण और ऑन्कोलॉजिस्ट द्वारा जारी प्रमाणपत्र अपलोड करना होगा। दस्तावेज सत्यापित होने के बाद संबंधित अधिकार कार्ड मरीज के घर भेज देंगे।

फर्जी दस्तावेज पाए जाने पर होगी कानूनी कार्रवाई- KSRTC ने साफ किया है कि अगर किसी मरीज द्वारा दिए गए मेडिकल दस्तावेज फर्जी पाए गए तो कार्ड रद कर दिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पहले कैंसर मरीजों को केवल 50% किराए में छूट मिलती थी, जो क्षेत्रीय कैंसर केंद्र जाने वाली बसों तक सीमित थी।

## दुनिया के दस सबसे प्रदूषित शहरों में सिर्फ भारतीय शहरों के नाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत के कई छोटे-बड़े शहरों में हवा का स्तर गंभीर और खतरनाक श्रेणी में पहुंच गया। दिल्ली इस बार 13वें स्थान पर खिसक गई।

राजस्थान के श्री गंगानगर, हरियाणा के सिवानी और पंजाब के अबोहर जैसे छोटे शहर इस बार दिल्ली से भी आगे निकल गए। यह साफ दिखाता है कि अब प्रदूषण सिर्फ बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उत्तरी मैदानों तक भी फैल चुका है।

शीर्ष प्रदूषित शहरों में कौन-कौन- श्री गंगानगर में 830 का खतरनाक AQI दर्ज किया गया। इसकी वजह रही खेतों में पराली जलाने से धुआं, रेगिस्तानी धूल और हवा का न चलना। इससे सांस लेना तक मुश्किल हो रहा है।

वहीं हरियाणा के सिवानी का AQI 644 तक पहुंच गया। वहां भी पराली जलने, गाड़ियों का धुएं और पास की फैक्टरियों से प्रदूषण बढ़ गया। बता दें सर्दी की शुरुआत में हवा रुक जाती है, जिससे धूल-धुआं नीचे ही रहता है।

पंजाब के अबोहर में AQI 634 रहा। पराली का धुआं, कच्ची सड़कों की धूल और फैक्ट्री का प्रदूषण लोगों की सांसें छीन रहा है।

## राजातालाब तहसील परिसर में आत्मदाह करने वाले बुजुर्ग के परिजनों को सपा ने सौंपा चेक



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजातालाब तहसील परिसर में आत्मदाह कर मौत को गले लगाने वाले बुजुर्ग वशिष्ठ नारायण गोंड़ (बाबा) के आवास पर रविवार को समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल पहुंचा।

स्वजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ ही मृतक की पत्नी गीता देवी को एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा।

मिर्जामुराद के जोगापुर गांव निवासी वशिष्ठ नारायण गोंड़ (बाबा) ग्राम सचिवालय व जलजीवन मिशन के तहत स्थापित पेयजल टंकी के पास नवीन परतीं भूमि पर दो मड़ई लगाकर गुमटी में छोटी सी दुकान चलाने के साथ ही निवास करते रहे।

परिजनों के अनुसार उक्त भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। राजातालाब तहसील द्वारा वशिष्ठ के खिलाफ भूमि बेदखली का आदेश देने के साथ उनके ऊपर लाखों रुपए का जुर्माना लगाया गया था।

आदेश से क्षुब्ध होकर वशिष्ठ नारायण ने बीते 22 अगस्त को दोपहर राजातालाब तहसील परिसर में शरीर पर पेट्रोल छिड़कर आग लगा ली थी, देररात उनकी मौत हो गयी थी। प्रतिनिधि मंडल में सपा एमएलसी आशुतोष सिन्हा, प्रदेश महासचिव व पूर्व मंत्री श्रीप्रकाश उर्फ लल्लन राय, जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़, व्यास जी गौड़, महेंद्र पटेल, अमन यादव, पखंडी बिंद, अमरनाथ यादव, कन्हैया राजभर समेत अन्य सपा नेता शामिल रहे।

# बिहार के लोगों से ज्यादा उन्हें सत्ता से प्यार, सचिन पायलट का नीतीश कुमार पर हमला



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने रविवार (02 नवंबर, 2025) को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्य के लोगों से ज्यादा सत्ता और कुर्सी से प्यार है। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए पायलट ने यह भी कहा कि बिहार में भाजपा की बैसाखी विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद छीन ली जाएगी।

पायलट ने कहा, अपने 400 पार के दावे के उलट, भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में 250 सीटें भी नहीं ला पाई। उसे केंद्र में सरकार बनाने के लिए बिहार और आंध्र प्रदेश में अपनी बैसाखियों का सहारा लेना पड़ा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नीतीश कुमार भाजपा के सामने बेबस हो गए हैं।

सीएम की कुर्सी के मोह ने उन्हें लाचार कर दिया है- पायलट ने कहा, ये वही नीतीश कुमार हैं, जिन्होंने नरेंद्र मोदी को बिहारियों के सैकड़ों काटे हुए नाखून कूरियर किए थे, जब प्रधानमंत्री ने डीएनए पर सवाल उठाए थे। अब मुख्यमंत्री की कुर्सी के मोह ने उन्हें लाचार कर दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि एनडीए नेता जिस डबल इंजन की बात करते रहते हैं, वह सभी फ्रंट पर फेल हो गया है।

पीएम मोदी से भी किया सवाल- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने सवाल किया, मोदी जी आज बिहार में रोड शो के लिए आ रहे हैं, लेकिन उन्होंने बिहार के बारे में कितने वादे पूरे किए हैं–1.25 लाख करोड़ का पैकेज लागू करना, इन्वेस्टमेंट लाना, रोजगार पक्का करना और किसानों की इनकम दोगुनी करना? इनमें से कितने वादे पूरे हुए?

उन्होंने आरोप लगाया कि जिन सड़कों पर आज पीएम यात्रा करेंगे, वे वही हैं जिन पर बेरोजगारी और दूसरे मुद्दों पर विरोध करने पर छात्रों को पीटा गया था।

# 8 भगदड़, 129 मौतें... कैसे हादसों का साल बन गया 2025? अब भी नहीं चेत रहे लोग



नई दिल्ली (एजेंसी)। साल 2025 के नवंबर महीने की शुरुआत हो चुकी है। बीते 10 महीने में देश ने 8 भगदड़ की घटनाएं देखी हैं। इन सब हादसों में कुल मिलाकर अब तक 129 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत जैसे इतनी इतने बड़े और घनी आबादी वाले देश में भीड़ का जुटना एक सामान्य सी बात है। लेकिन उस भीड़ के प्रबंधन के लिए आजादी के 78 साल बाद भी हम कोई फुल प्रूफ हल नहीं निकाल पाए हैं।

शनिवार को आंध्र प्रदेश के वेंकटेश्वर मंदिर में हुआ हादसा इसी की एक बानगी है। लेकिन ताज्जुब की बात ये है कि इतने हादसों क बाद भी न तो प्रशासन और न ही लोग कोई सबक ले पाए हैं। यही वजह है कि कैलेंडर और दिन और महीने बदलते जाते हैं और किसी रोज देश के किसी न किसी हिस्से से ऐसे मामले सामने आ ही जाते हैं।

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में वेंकटेश्वर मंदिर में एकादशी के मौके पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हो गई । इसके कारण मंदिर में भगदड़ मच गई और 9 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 8 महिलाएं और एक बच्चा शामिल है। पुलिस ने कहा कि मंदिर प्रबंधन ने कार्यक्रम के बारे में सूचित नहीं किया था। लोगों ने भगदड़ के लिए भीड़ मैनेजमेंट की कमी और एंट्री-एग्जिट के लिए संकरे रास्ते को जिम्मेदार ठहराया।

तमिनलाडु के करूर में अभिनेता से राजनेता बने विजय की एक रैली आयोजित की गई थी। विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कजगम के बैनर तले इस रैली में 10 हजार लोगों के जुटने की उम्मीद थी, लेकिन 3 गुना ज्यादा लोग पहुंच गए। विजय के देर से पहुंचने के कारण भीड़ बढ़ती चली गई और फिर भगदड़ मच गई। हादसे में 41 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा घायल हो गए थे।

# मेरी जमीन, मेरा मंदिर, पुलिस को क्यों बताऊं..., आंध्र प्रदेश मंदिर भगदड़ के बाद क्या बोले पुजारी?



नई दिल्ली (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ मचने से 9 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। घटना के बाद स्थानीय प्रशासन से बताया था कि यह सरकारी मंदिर नहीं था, बल्कि एक प्राइवेट प्रॉपर्टी थी। ये भी कहा गया कि मंदिर के संचालकों ने कार्यक्रम के बारे में सूचित नहीं किया था।

वहीं अब इस घटना पर मंदिर के मालिक और पुजारी हरि मुकुंद पांडा का बयान सामने आ गया है। उन्होंने प्रशासन को सूचित नहीं करने के अपने फैसले को सही ठहराया है। समाचार चैनल एनडीटीवी से बातचीत में पांडा ने कहा, मैंने अपनी निजी जमीन पर मंदिर बनवाया है। मैं पुलिस या प्रशासन को सूचना क्यों दूं?

4 महीने पहले हुआ है मंदिर का निर्माण- 94 साल के हरि मुकुंद पांडा भगवान वेंकटेश्वर के भक्त हैं। उन्होंने करीब 4 महीने पहले ही मंदिर का निर्माण करवाया है। यह मंदिर तिरुमला के वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर की तर्ज पर बनवाया गया है। स्थानीय लोग इसे मिनी तिरुपति या चिन्ना तिरुपति कहते हैं। अभी मंदिर का निर्माण कार्य पूरा भी नहीं हुआ है।

लेकिन उससे पहले ही एकादशी के दिन मंदिर में भीड़ जुटने लगी और यह हादसा हो गया। हादसे के बाद सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा था कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पांडा ने कहा, आप जितने चाहें मामले दर्ज करवा सकते हैं। मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

पांडा ने कहा, मंदिर में आमतौर पर बहुत कम भीड़ होती है। मैं किसी से कुछ नहीं लेता। अपने ही पैसों के खाना और प्रसाद बनाता हूं। लोग दर्शन के बाद प्रसाद ग्रहण कर वापस चले जाते हैं। लेकिन एकादशी के दिन सुबह 9 बजे भीड़ अचानक से बढ़ गई। हमारा बनाया प्रसाद भी खत्म हो गया। बता दें कि घटना के बाद मंदिर को बंद कर दिया गया है।


दैनिक हिन्दकुश

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in

jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश
हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल तृयोदशी

## संपादकीय

# सृष्टि रचनाकर्ता ने मानवीय जीव के रूप में बहुत ही खूबसूरत रचना कर उसमें....



सृष्टि रचनाकर्ता ने मानवीय जीव के रूप में बहुत ही खूबसूरत रचना कर उसमें अनेक गुण दोषों का संयोजन उसने कर दिया है और उनका चुनाव करने के लिए श्रेष्ठ बुद्धि कौशलता रुपी एक सशक्त अस्त्र भी दिया है, बस!! अब अपने जीवन चक्र को सफलताओं या असफलताओं की ओर ले जाना मानवीय जीव के हाथ में है।

साथियों बात अगर हम माननीय जीवन ने गुणों की करें तो उनके गुणों में से एक इच्छाशक्ति महत्वपूर्ण गुण है जो सफलता की चाबी भी है! परंतु न जाने क्यों हम इसको अनदेखा कर देते हैं और हम असफल हो जाते हैं और उसका दोष किस्मत या सृष्टि रचनाकर्ता को देते हैं जबकि उसनें मनुष्य जीव में गुणों का अंबार भरा है!! बस!!जरूरत है हमें अपने बुद्धि कौशलता से उसे पहचान कर प्रयोग करने की! तो सफलता आकर हमारे कदम चूमेगी।

साथियों बात अगर हम दृढ़ इच्छाशक्ति की करें तो यह सफ़लता की चाबी है। मजबूत इच्छाशक्ति के आगे हर समस्या छोटी हो जाती है, क्योंकि प्रबल इच्छा शक्ति मुसीबतों से लड़ने की कुंजी है जिसके बल पर हम बड़ी से बड़ी पहाड़ तुल्य समस्याओं से भी यूं मुकाबला कर फ़तह हासिल कर सकते हैं।

साथियों हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही आपको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है।

साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति की परिभाषा की करें तो, इच्छाशक्ति वह वृत्ति चक्र है जिसके अंतर्गत प्रत्यय, अनुभूति, इच्छा, गति या प्रवृत्ति, शरीर धर्म सबका योग रहता है। जो संकल्प को साकार करने का माध्यम बनती है वह इच्छाशक्ति कहलाती है। ऐसी बलवती इच्छा को जिसकी ज्योति अहर्निश कभी मंद न हो, उसे दृढ़ इच्छाशक्ति कहते हैं। हम सबके जीवन में कई बार ऐसी स्थितियां आती हैं, जब हमें लगता है कि सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। ऐसी स्थिति में इच्छाशक्ति ही हमको मुसीबतों से लड़ने में मदद करती है। इस शक्ति के अंतर्गत दृढ़ निश्चय, आत्मविश्वास, कार्य करने की अनवरत चेष्टा और अध्यवसाय आदि गुण आ जाते हैं। यह शक्ति मनुष्य के मुखमंडल पर अपूर्व तेज उत्पन्न करती है और आंखों में सम्मोहन का जादू लाती है।

साथियों बात अगर हम दृढ़ इच्छाशक्ति के टाइमिंग की करें तो, जीवन में किसी भी चीज को पाने के लिए मेहनत से पहले मजबूत इच्छाशक्ति का होना बेहद जरूरी है। जैसे, कई बार ऐसा होता है कि व्यक्ति शुरुआत में किसी चीज को पाना चाहता है लेकिन धीरे-धीरे उसका हौंसला टूटने लगता है या उसका मन बदल जाता है, ऐसा कमजोर इच्छाशक्ति के कारण होता है इसलिए किसी भी चीज को पाने के लिए मजबूत इच्छाशक्ति का होना बहुत जरूरी है। ऐसे में हम आपको बता रहे हैं, ऐसी बातें जिनपर अमल करके हमारी इच्छाशक्ति मजबूत होगी।

साथियों बात अगर हम इच्छा शक्ति को मजबूत करने की करें तो, अपने काम पर दृढ रहें,अपनी इच्छा शक्ति को बहुत ज्यादा मजबूत बनाने के लिए यह भी एक बहुत ही अच्छा तरीका है कि हम अपने काम पर बहुत जबरदस्त तरीके से फोकस करें। यानें हम अपने काम पर दृढ़ रहें। कोई कुछ भी कहे अगर हमने यह मन बना लिया है कि हमको ये काम करना है तो हमको ये काम करना ही करना है। हमको किसी और बातों पर ध्यान नहीं देना है। अगर हम अपने काम पर दृढ रहेंगे तो हमारा दिमाग यह बात समझ लेगा कि यह चीज हमारे जीवन में बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है इसलिए हम इस काम को बहुत ही दिल से मन लगा कर दृढ़ प्रतिज्ञ होकर कर रहे हैं।

# वन्यजीव सप्ताह



वन्यजीव सप्ताह प्रतिवर्ष भारत में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मनाया जाता है। केंद्र व राज्य सरकारों, पर्यावरणविदों, कार्यकर्ताओं, शिक्षकों आदि द्वारा लोगों में वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता में तेज़ीलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। भारत में विभिन्न प्रजातियों का विशाल भण्डार है, इसलिए भी भारत में कई सम्मेलनों, जागरूकता कार्यक्रमों और प्रकृति प्रेमियों के बीच सार्वजनिक बैठकों का आयोजन किया जाता है। स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में बच्चों के लिए वन्यजीवों से संबंधित निबन्ध लेखन, चित्रकला, संभाषण, फ़िल्म स्क्रीनिंग आदि प्रयोगिताओं का आयोजन किया जाता है।

## शुरुआत

वन्य जीवन प्रकृति की अमूल्य देन है। भविष्य में वन्य प्राणियों की समाप्ति की आशंका के कारण भारत में सर्वप्रथम 7 जुलाई, 1955 को वन्य प्राणी दिवस मनाया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक वर्ष 2 अक्तूबर से पूरे सप्ताह तक वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जाएगा। वर्ष 1956 से वन्य प्राणी सप्ताह मनाया जा रहा है। भारत के संरक्षण कार्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक मज़बूत संस्थागत ढांचे की रचना की गयी है।

## उद्देश्य

भारत में वन्यजीव सप्ताह मनाये जाने के निम्न प्रमुख उद्देश्य हैं-

प्रत्येक समुदायों व परिवारों को प्रकृति से जोड़ना।

मानव के अंदर संरक्षण की भावना पैदा करना।

वन्यजीव व पर्यावरण की सुरक्षा के लिए जागरूक रहना।

इस अभियान की उद्देशिका यह है कि हमें हमेशा प्रत्येक वन्यप्राणी, पशु-पक्षियों और पौधों को पूर्ण रूप से सुरक्षा प्रदान करना चाहिए। इसके लिए केन्द्र सरकार ने कुछ क्षेत्रों को अभयारण्य या राष्ट्रीय उद्यान के रूप में भी घोषित किया है। सरकार ने अधिनियम के तहत सभी जंगली जानवरों और पक्षियों आदि के शिकार पर रोक लगाई। सरकार द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के उल्लंघन के लिए दंड का प्रावधान भी रखा गया। प्रकृति के अनुसार मानव, पर्यावरण और वन्यजीव एक-दूसरे से किसी न किसी रूप में जुड़े हुए हैं। मानव शरीर व मस्तिष्क को स्वस्थ रखने, शुद्ध ऊर्जा प्राप्त करने के लिये पर्यावरण को शुद्ध व साफ सुथरा रखना बेहद ही ज़रूरी है। पर्यावरण से ही मानव का जीवन सम्भव है और पर्यावरण को शुद्ध व साफ-सुथरा रखना है तो वन व वन्यजीवों की सुरक्षा करना ज़रूरी है।

## महत्त्व

वन्यजीव सप्ताह मनाने की गंभीरता; स्कूली बच्चों, युवा लोगों और आम जनता को वन्य जीवन के बारे में शिक्षित व जागरूक करने के साथ-साथ सरकार के काम करने में, नीतियों को डिज़ाइन करने में तथा आज के बदलते परिवेश में वन्यजीव संरक्षण के मुद्दों का समाधान करने में भी मदद करती है। भारत संस्कृति और सभ्यता का प्रतीक है। यहाँ प्रत्येक दिन को महत्ता दी गई है, जिसे हम किसी न किसी रूप में मनाते हैं। इसी के चलते देश में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्यजीव सप्ताह के रूप में मनाते हैं। वन्यजीव पर्यावरण का एक अभिन्न अंग है। देश के धन का गठन इन्हीं से होता है। इसमें जंगली जानवर, पक्षी, पौधे आदि शामिल हैं।

## क्यों मनाते हैं

वन्यजीवों के बिना मनुष्य का कोई अस्तित्व ही न रह जाएगा, उसका जीवन संकट में पड़ जायेगा। इसलिए वन्यजीवों के महत्व को समझने व इनके प्रति जागरूक रहने के लिए सम्पूर्ण विश्व में एक अभियान के रूप में वन्यजीव सप्ताह मनाया जाता है। वन्य जीवों की सुरक्षा के लिये प्रत्येक व्यक्ति को आगे लाने के लिए भारतीय वन्य जीव बोर्ड ने वन्यजीव सप्ताह मनाने का निर्णय लिया और तब से यह 2 से 8 अक्टूबर तक प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। आज प्रकृति से जो भी प्राप्त हो रहा है, सबकी कुछ न कुछ महत्ता है। चाहे वह जीव हो या पेड़-पौधे, सभी एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। आज यदि वृक्ष हैं तो ही मानव और प्राणियों का जीवन सम्भव है। मानव हस्तक्षेप के द्वारा आज लगभग 41 हजार से भी अधिक जीवों की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं। उनका जीवन संकट में पड़ने लगा है। ऐसा क्यों क्या हम भूल बैठे हैं कि उनके न रहने से हमारा जीवन भी संकट में पड़ जाएगा, प्रकृति का सारा सन्तुलन बिगड़ जाएगा। विलुप्त हो रही पशु-पक्षी, पेड़-पौधों की प्रजातियों से प्रकति का सन्तुलन बिगड़ा तो मानव जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा। तब मानव के पास केवल पछतावा होगा। न पेड़-पौधे होंगे और नहीं जीव-जंतु रह जायेंगे। यदि अब भी हमारी आँखें खुल जायें तो हम जैव विविधता के हो रहे ह्रास को दूर कर सकते हैं। हम जीव-जंतु और वनस्पतियों की रक्षा को अपना परम कर्तव्य मानकर आगे बढ़ें, तभी विकास कर पायेगें।

## भारत में स्थिति

वन और वन्यजीवों को भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में रखा गया है। भारत सरकार के तहत एक केंद्रीय मंत्रालय वन्य जीव संरक्षण संबंधी नीतियों ओर नियोजन के संबंध में दिशा-निर्देश देने का कार्य करता है तथा राष्ट्रीय नीतियों को कार्यानवित करने की जिम्मेदारी राज्य वन विभागों की होती है।

## वन्यजीवों से सम्बंधित वैधानिक पहलू

वन्य जीवों के संरक्षण के लिए भारत के संविधान में 42वें संशोधन (1976) अधिनियम के द्वारा दो नए अनुच्छेद 48-ढ्ढ व 51 को जोड़कर वन्य जीवों से संबंधित विषय के समवर्ती सूची में शामिल किया गया।

वर्ष 2002 में राष्ट्रीय वन्यजीव कार्य योजना (2002-2016) को अपनाया गया, जिसमें वन्यजीवों के संरक्षण के लिए लोगों की भागीदारी तथा उनकी सहायता पर बल दिया गया है।

वन्य जीवों को विलुप्त होने से रोकने के लिए सर्वप्रथम 1872 में वाइल्ड एलीफेंट प्रिजर्वेशन एक्ट पारित हुआ था।

वर्ष 1927 में भारतीय वन अधिनियम अस्तित्व में आया, जिसके प्रावधानों के अनुसार वन्य जीवों के शिकार एवं वनों की अवैध कटाई को दण्डनीय अपराध घोषित किया गया। स्वतंत्रता के पश्चात, भारत सरकार द्वारा इंडियन बोर्ड फॉर वाइल्ड लाइफ की स्थापना की गई।

1956 में पुन- भारतीय वन अधिनियम पारित किया गया।

1972 में वन्यजीव संरक्षण अधानियम पारित किया गया। यह एक व्यापक केन्द्रीय कानून है, जिसमें विलुप्त होते वन्य जीवों तथा अन्य लुप्त प्राय- प्राणियों के संरक्षण का प्रावधान है।

वन्यजीवों की चिंतनीय स्थिति में सुधार एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव योजना 1983 में प्रारंभ की गई।

## भारतीय वन्यजीव संस्थान

भारतीय वन्यजीव संस्थान की स्थापना 1982 में की गई। यह संस्थान केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के अधीन एक स्वशासी संस्थान है, जिसे वन्यजीव संरक्षण क्षेत्र के प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान के रूप में मान्यता दी गई है।

## वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो

वन्यजीव संबंधी अपराधों को रोकने के लिए वन्यजीव संरक्षण निदेशक के अंतर्गत वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो का गठन किया गया। वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो देश में संगठित वन्यजीव अपराध से निपटने के लिए केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के अधीन भारत सरकार द्वारा स्थापित एक सांविधिक बहु-अनुशासनिक इकाई है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। इसके पांच क्षेत्रीय कार्यालय नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई और जबलपुर में स्थित हैं।

# तो क्या डूबने वाला है शेयर बाजार? रिच डैड पुअर डैड के लेखक ने दी वॉर्निंग



नई दिल्ली (एजेंसी)। फाइनेंशियल जानकारी पर सन 1997 में छपी किताब रिच डैड पुअर डैड के लेखक रॉबर्ट कियोसाकी ने फाइनेंशियल मार्केट को लेकर एक बार फिर से बड़ी भविष्यवाणी की है। उन्होंने एक बड़े क्रैश की चेतावनी दी है और कहा है कि उस क्रैश से लाखों लोग बर्बाद हो जाएंगे।

उन्होंने निवेशकों को शेयर बाजार के बजाय गोल्ड, सिल्वर, बिटकॉइन और एथेरियम जैसी एसेट्स में इन्वेस्ट को कहा है, जिन्हें उन्होंने महंगाई और करेंसी की गिरावट से बचाव बताया।

सोशल मीडिया के जरिए दी जानकारी- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (जिसे पहले ट्विटर कहा जाता था) पर एक पोस्ट में कियोसाकी ने लिखा है कि बहुत बड़ा क्रैश शुरू हो रहा है- लाखों लोग बर्बाद हो जाएंगे। खुद को बचाएं। चांदी, सोना, बिटकॉइन, एथेरियम इन्वेस्टर्स आपकी रक्षा करेंगे। ध्यान रखें।

उन्होंने यह नहीं बताया कि क्रैश कब या कैसे हो सकता है। दूसरी बात कि उनके दावों को वेरिफाई नहीं किया जा सका।

कई बार दी हैं चेतावनी- कियोसाकी की पोस्ट ने ऑनलाइन इन्वेस्टमेंट और क्रिप्टो कम्युनिटीज सभी का ध्यान खींचा। कुछ यूजर्स ने कहा कि कियोसाकी एक दशक से ज्यादा समय से इसी तरह की चेतावनियां दे रहे हैं, लेकिन अब तक कोई बड़ा क्रैश नहीं हुआ है।

गौरतलब है कि वे वास्तव में 2010 से अब तक इस तरह की चेतावनियां दे चुके हैं। इनमें उन्होंने डिप्रेशन, बबल्स और फिएट-करेंसी फेलियर की भविष्यवाणी की है, जबकि सोना, चांदी या क्रिप्टो में पैसा लगाने की सलाह दी है।

किताब ने कर दिया फेमस- कियोसाकी की 1997 की बेस्टसेलर किताब रिच डैड पुअर डैड ने उन्हें पर्सनल फाइनेंस में एक जाना-माना चेहरा बना दिया। उन्होंने काफी मजबूत तरीके से हमेशा यह तर्क दिया है कि स्टॉक और बॉन्ड जैसे पेपर एसेट्स कर्ज और मॉनेटरी एक्सपेंशन से होने वाले सिस्टमैटिक रिस्क के संपर्क में रहते हैं।

उन्होंने पहले भी संभावित गिरावट की आशंका जताई है और उसे फाइनेंशियल और प्रॉपर्टी मार्केट में असंतुलन के साथ लिंक किया है।

## क्रिप्टोकरेंसी में भी कर सकते हैं एसआईपी, कितने रिटर्न की रहती है उम्मीद?




नई दिल्ली (एजेंसी)। जिस तरह म्यूचुअल फंड में आप एसआईपी के जरिए निवेश कर सकते हैं, उसी तरह ही क्रिप्टोकरेंसी में भी एसआईपी के जरिए निवेश किया जा सकता है। क्रिप्टो स्ढ्ढक्क (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) एक इन्वेस्टमेंट स्ट्रेटेजी है जो आपको रेगुलर, पहले से तय समय पर (जैसे रोजाना, हफ्ते में या महीने में) अपनी पसंद की क्रिप्टोकरेंसी में एक फिक्स्ड रकम इन्वेस्ट करने की सुविधा देती है।


यह रुपी-कॉस्ट (या डॉलर-कॉस्ट) एवरेजिंग के सिद्धांत पर काम करता है, जो समय के साथ अलग-अलग प्राइस पॉइंट पर खरीदारी करके मार्केट में उतार-चढ़ाव के असर को कम करने में मदद करता है।

कैसे करता है काम- एक बार में बड़ा इन्वेस्टमेंट करने और मार्केट को टाइम करने की कोशिश करने के बजाय, क्रिप्टो SIP निवेश प्रोसेस को ऑटोमेटेड कर देता है।

आप एक क्रिप्टोकरेंसी (जैसे बिटकॉइन या एथेरियम), इन्वेस्टमेंट की रकम (कुछ प्लेटफॉर्म 100 जितनी कम रकम भी अलाउ करते हैं), और एक फ्रीक्वेंसी (समयावधि) चुनते हैं।

प्लेटफॉर्म आपके वॉलेट से अपने आप रकम डेबिट कर लेता है और मौजूदा मार्केट प्राइस पर चुनी हुई क्रिप्टो खरीद लेता है।

## कौन है ये 95 साल का अरबपति, जिसके पास अंबानी की कुल दौलत से तीन गुना ज्यादा कैश




नई दिल्ली (एजेंसी)। बर्कशायर हैथवे का कैश रिजर्व तीसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में बढ़कर 381.7 बिलियन (करीब 34 लाख करोड़ रुपये) हो गया, जो एक नया रिकॉर्ड है। इससे चेयरमैन और ष्टश्वह्र वॉरेन बफेट की कंपनी की ऑपरेटिंग कमाई में 34त्न की बढ़ोतरी हुई। वॉरेन बफेट बर्कशायर हैथवे के सबसे बड़े शेयरहोल्डर हैं, जो 13 साल की उम्र में घर-घर अखबार पहुंचाया करते थे।

अंबानी की कुल दौलत से 3 गुना कैश- मुकेश अंबानी की नेटवर्थ इस समय 109.2 अरब डॉलर है, जबकि वॉरेन बफेट की कंपनी बर्कशायर हैथवे के पास 381.7 अरब डॉलर का सिर्फ कैश है। यानी बर्कशायर हैथवे के पास मुकेश अंबानी की कुल दौलत के मुकाबले 3 गुना से अधिक कैश है।

नेट इन्वेस्टमेंट इनकम घटी- शनिवार 1 नवंबर को पब्लिश की गई फाइलिंग के अनुसार कंपनी की ऑपरेटिंग कमाई का आंकड़ा 13.5 बिलियन तक पहुंच गया, जिसका कारण इंश्योरेंस अंडरराइटिंग प्रॉफिट में बढ़ोतरी थी। यह ऐसे समय में हुआ जब आपदा की गतिविधियां असामान्य रूप से कम रहीं।

बफेट ने इस दौरान 6.1 बिलियन के शेयर बेच दिए। कैश रिजर्व बढ़ने के बावजूद, कम शॉर्ट-टर्म इंटरेस्ट रेट्स के कारण फर्म की नेट इन्वेस्टमेंट इनकम 13त्न घटकर 3.2 बिलियन हो गई।

प्राइमरी इंश्योरेंस और रीइंश्योरेंस दोनों बिजनेस रहे फायदे में- बर्कशायर हैथवे के प्राइमरी इंश्योरेंस और रीइंश्योरेंस दोनों बिजनेस ने तिमाही में टैक्स से पहले अंडरराइटिंग प्रॉफिट कमाया। बता दें कि पिछले साल इसी तिमाही में इन बिजनेसों को नुकसान हुआ था। हालांकि बर्कशायर की ऑटो इंश्योरेंस कंपनी गीको का टैक्स से पहले अंडरराइटिंग प्रॉफिट ज्यादा क्लेम की वजह से 13त्न गिर गया, जबकि यूनिट नए क्लाइंट्स जोड़ती रही।

## सोना 10000 सस्ता, चांदी में आई 20000 की भारी गिरावट, दूसरे हफ्ते क्यों गिरी कीमतें?




नई दिल्ली (एजेंसी)। त्योहारी सीजन में सोना-चांदी की कीमतों ने आए दिन रिकॉर्ड बनाया। लगातार ऑल टाइम हाई बनाया। लेकिन त्योहार खत्म होते ही इसमें भारी गिरावट आई है। भारतीय घरेलू बाजार में पिछले 15 दिन में सोना 10,000 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 20,000 रुपए प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है। इनकी कीमतों में लगातार दूसरे हफ्ते कमी दर्ज की गई है। खासकर तब, देश में जब वेडिंग सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में चर्चा होने लगी है कि आखिर दाम इतनी तेजी से नीचे क्यों आ रहे हैं?

इन तीन वजहों से गिर रहे दाम- सोना-चांदी की कीमतें लगाता दूसरे हफ्ते गिर गईं। एक्सपर्ट इसके पीछे तीन बड़े कारण बता रहे हैं। पहला कारण- अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना। दूसरा कारण- दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव कम होना और तीसरा कारण है- अमेरिकी फेडरल रिजर्व का ब्याज दरों पर सख्त रुख बनाए रखना।

MCX पर दिसंबर वायदा सोना इस हफ्ते 2,219 रुपए गिरा और 1,17,628 रुपए प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर तक पहुंचा। यह गिरावट नौ हफ्तों की तेजी टूटने के बाद देखी गई। एक्सपर्ट बताते हैं कि, भारी प्रॉफिट बुकिंग की वजह से ग्लोबल गोल्ड 4,000 डॉलर प्रति औंस (करीब 28.34 ग्राम) स्तर तक फिसला। घरेलू बाजार में भी सोना 1,19,000 से नीचे गिरा, फिर हल्की रिकवरी हुई।

## भारत की आजादी से भी पुरानी कंपनी ने 221 फ्लैट बेचकर कमाए 16000Cr



नई दिल्ली (एजेंसी)। रियल एस्टेट सेक्टर की प्रमुख कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने अपने अल्ट्रा-लग्जरी रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट 'द डहलियाज' में अब तक 221 बेहद आलीशान फ्लैट बेच दिए हैं। इन 221 फ्लैट की कुल कीमत करीब 16,000 करोड़ रुपये है। यानी एक अपार्टमेंट की एवरेज कीमत करीब 72 करोड़ रुपये है।

गौरतलब है कि पिछले साल अक्टूबर में डीएलएफ ने गुरुग्राम के डीएलएफ फेज-5 में 17 एकड़ के अल्ट्रा-लग्जरी रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट द डहेलियाज को पेश किया था। इसमें 420 अपार्टमेंट और पेंटहाउस शामिल हैं। डीएलएफ के लेटेस्ट इंवेस्टर्स प्रेजेंटेशन के अनुसार, कंपनी ने इस हाउसिंग प्रोजेक्ट में सितंबर तिमाही तक 15,818 करोड़ रुपये की सेल्स बुकिंग हासिल की है।

कितनी पुरानी है डीएलएफ- एनालिस्ट्स के साथ एक कॉन्फ्रेंस कॉल में, डीएलएफ मैनेजमेंट ने बताया कि सितंबर तिमाही तक द डहलियाज परियोजना में 221 फ्लैट बिक चुके हैं। प्रति अपार्टमेंट औसत कीमत लगभग 72 करोड़ रुपये है। बता दें कि डीएलएफ की शुरुआत सन 1946 में की गयी थी।

किसने किया था डीएलएफ को शुरू- चौधरी राघवेंद्र सिंह ने सन 1946 में ष्ठरुस्न की शुरुआत की थी। इसने दिल्ली में 22 अर्बन कॉलोनियों को डेवलप किया। सन 1985 में, कंपनी ने गुरुग्राम में अपना विस्तार किया, जो उस समय एक अंजान इलाका था। आज, ष्ठरुस्न भारत की सबसे बड़ी पब्लिकली लिस्टेड रियल एस्टेट कंपनी है, जिसकी रेजिडेंशियल, कमर्शियल और रिटेल प्रॉपर्टी 15 राज्यों और 24 शहरों में फैली हुई हैं।

अब कौन है चेयरमैन- चौधरी राघवेंद्र सिंह के बाद डीएलएफ की कमान उनके दामाद कुशाल पाल सिंह के पास आई, जो एक भारतीय अरबपति रियल एस्टेट डेवलपर और रिटायर्ड मिलिट्री ऑफिसर हैं। सिंह 2020 तक अपने ससुर चौधरी राघवेंद्र सिंह द्वारा शुरू की गयी भारतीय रियल एस्टेट कंपनी ष्ठरुस्न के चेयरमैन और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर रहे।

सिंह ने ष्ठरुस्न को भारत की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी बनाया और ष्ठरुस्न के पास 10,000 एकड़ से ज़्यादा का भारत का सबसे बड़ा लैंड बैंक है। डीएलएफ के चेयरमैन एमेरिटस कुशल पाल सिंह हैं, जबकि उनके बेटे राजीव सिंह कंपनी के चेयरमैन हैं।

## 15+ कंपनी और 4488 करोड़ का निवेश, सामने आया आशीष कचोलिया का पूरा पोर्टफोलियो



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिग्गज निवेशक आशीष कचोलिया ने स्मॉलकैप कंपनी में करोड़ों का निवेश किया है। उन्होंने प्रेफरेंशियल इश्यू के जरिए नॉलेज मरीन एंड इंजीनियरिंग वर्क्स नाम की कंपनी में 52,632 शेयर खरीदे हैं, जो कंपनी ने उन्हें अलॉट भी कर दिए हैं। ये अलॉटमेंट 1,900 प्रति शेयर की दर से हुआ है। इस निवेश की कुल वैल्यू करीब 10 करोड़ रुपए है, जिसे बोर्ड ने 30 अक्टूबर को मंजूरी दी है। इसे मिलाकर इस कंपनी में आशीष कचोलिया का कुल निवेश 77 करोड़ रुपए हो गया है। खास बात यह है कि उनके नए निवेश के बाद कंपनी के स्टॉक में 5त्न की तेजी देखी गई। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों यह शेयर रफ्तार पकड़ेगा। इस बीच आशीष कचोलिया का पोर्टफोलियो भी सामने आया है। जिसमें उन्होंने सितंबर 2025 तक 15 से ज्यादा कंपनियों में 4488 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट कर रखा है। अब आप यह भी जानना चाहेंगे कि उनके पोर्टफोलियो में कौन-कौन सी कंपनियां शामिल हैं और उन्होंने किन-किन कंपनियों में निवेश कर रखा है?

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# छवि बिगाड़ी तो पुलिस उठाएगी भी और पीटेगी भी... मंत्री ने लाइव आकर YouTuber को दी चेतावनी





दमोह। दमोह जिले के जबेरा विधायक और मध्य प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने रविवार सुबह फेसबुक पेज पर लाइव आकर ऐसे लोगों को चेतावनी दी है जो उनकी और अन्य जनप्रतिनिधियों की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि जो बिना किसी तथ्य के छवि बिगाड़ने का प्रयास करेगा, पुलिस उसे उठाएगी भी और पीटेगी भी। गलत करोगे तो कानून के अनुसार कार्रवाई होगी।

### यू ट्यूबर ने मंत्री पर लगाया था आरोप

मंत्री के सोशल प्लेटफॉर्म पर लाइव आने के पीछे का मुख्य कारण तीन दिन पहले जबेरा विधानसभा के एक घटनाक्रम से जुड़ा है। जहां एक यू ट्यूबर ने सिग्रामपुर गांव में शराब बंदी को लेकर एकत्रित लोगों के बीच मंत्री धर्मेंद्र लोधी और पशुपालन मंत्री लखन पटेल को निशाना बनाने का प्रयास किया था। वहां मौजूद लोगों के माध्यम से मंत्रियों को शराब माफिया से मिले होने की बात का जिक्र किया गया था। इसके बाद मंत्री के निर्देश पर जबेरा पुलिस ने शुक्रवार रात युटुबर राघवेंद्र राठौर पर धारा 326- 3, 356-3, 3-5 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। इस गिरफ्तारी को लेकर यूट्यूबर राघवेंद्र ने पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया जिसमें सब कुछ सामान्य निकला। मंत्री ने लाइव आकर दी चेतावनी

उसके बाद राघवेंद्र ने एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से फिर से मंत्रियों पर गलत कार्रवाई कराने के आरोप लगाए। इसके बाद मंत्री लोधी को लाइव आकर अपनी सफाई देनी पड़ी। हालांकि मंत्री ने सफाई कम और छवि बिगाड़ने वालों को धमकी ज्यादा दी है। उन्होंने अपने लाइव के दौरान कई बार यह कहा कि वह कोई भी हो, यदि जनप्रतिनिधियों की छवि धूमल करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। नशा मुक्ति के नाम पर हो रही है राजनीति

मंत्री लोधी ने कहा कि मैं भी चाहता हूं कि समाज नशा मुक्त हो। यदि भगवती मानव कल्याण संगठन के लोग मुझे नशा मुक्ति के किसी कार्यक्रम में बुलाएंगे तो मैं जरूर आऊंगा, लेकिन मुझे पता है कि वह मुझे नहीं बुलाएंगे। क्योंकि उनकी राजनीति की दुकान खत्म हो जाएगी। ये नशा मुक्ति के नाम पर केवल राजनीति कर रहे हैं, लेकिन अब मैं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चलाऊंगा।

# इनामी महिला माओवादी ने पुलिस के सामने किया सरेंडर, दलम के लीडर की गार्ड थी



बालाघाट। छत्तीसगढ़ की तर्ज पर मध्य प्रदेश के बालाघाट में भी माओवादियों ने सरेंडर करना शुरू कर दिया है। बालाघाट जिले में 12 साल बाद किसी माओवादी का सरेंडर हुआ है। जानकारी के मुताबिक बीजापुर की महिला माओवादी सुनीता ने बालाघाट पुलिस के सामने हथियार डाल दिए हैं। वह फरवरी 2025 से बालाघाट में सक्रिय थी और अपने दलम के लीडर रामधेर की गार्ड के रूप में काम कर रही थी।

सुनीता एमएमसी मेंबर के रूप में दलम में सक्रिय थी। आईजी बालाघाट रेंज संजय कुमार ने महिला माओवादी की सरेंडर की पुष्टि की है। उनके मुताबिक अभी महिला माओवादी के आत्मसमर्पण की प्रक्रिया जारी है।

इसके पहले साल 2013 में आखिरी बार मलाजखंड टाडा दलम के माओवादी बीरसिंह उर्फ मुक्का ने बालाघाट पुलिस के सामने सरेंडर किया था। मिशन 2026 को लेकर बालाघाट पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। माओवादियों को सरेंडर कराने के लिए पुलिस छत्तीसगढ़ के सरेंडर्ड टॉप लीडर्स की फोटो लगाकर प्रोत्साहित करने में जुटी है। 23 वर्षीय इनामी महिला माओवादी सुनीता पिता विसरू छत्तीसगढ़ के वीरमन इंद्रावती क्षेत्र के बीजापुर की रहने वाली है। इसने बालाघाट लांजी थाने के पितकोना पुलिस चौकी अंतर्गत चौरिया कैंप में शुक्रवार देर रात के इंसास रायफल और 3 मैगजीन के साथ किया है आत्मसर्मपण। माओवादी एसीएम पद पर रहते हुए यह सेंट्रल कमेटी के प्रमुख सदस्य सीसीएम रामधेर की सुरक्षा गार्ड रह चुकी है।माड़ क्षेत्र में छह महीने का प्रशिक्षण लेने के बाद उसने सेंट्रल कमेटी के सदस्य माओवादी रामधेर के सुरक्षा गार्ड के रूप में इंद्रावती और माड़ क्षेत्र में कार्य कर रही थी। सुनीता सीसीएम माओवादी रामधेर की 11 सदस्यी टीम के साथ एमएमसी जोन दर्रेकसा क्षेत्र पहुंची थी।

# जीतू पटवारी बोले- सांसद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की तो 50 हजार लोगों के साथ आऊंगा





सतना। 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के दौरान हुए थप्पड़ प्रकरण को लेकर अब सियासी बवाल गहराता जा रहा है। इस पूरे विवाद में नया मोड़ तब आया जब कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी ने कांग्रेस विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा के मोबाइल से नगर पुलिस अधीक्षक डीपी चौहान को फोन कर धमकी दी।

जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया में प्रसरित है, जिसमे जीतू पटवारी सीएसपी से कहते हुए समझ मे आ रहे है कि ÷सांसद गणेश सिंह के खिलाफ बिना जांच के मुकदमा कायम करो, नहीं तो दो दिन में मैं 50 हजार लोगों को लेकर सतना पहुँचूंगा और तुम्हारे खिलाफ विधानसभा में कार्रवाई करवाऊंगा। इस पर सीएसपी चौहान ने शांतिपूर्वक जवाब दिया आपका स्वागत है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि जीतू पटवारी अपनी चेतावनी पर कितने खरे उतरते हैं। दो दिन बाद इसका सच सामने आएगा।अज्ञात पर जबरन ले जाने का आरोप

इधर, थप्पड़ प्रकरण में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। नगर निगम के क्रेन ऑपरेटर गणेश कुशवाहा ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उसे कुछ अज्ञात लोग जबरन अपने साथ ले गए और दबाव डालकर सांसद गणेश सिंह के पक्ष में बयान दिलवाया गया। गणेश ने कहा, मैं डर और दबाव में था, मुझसे जो कहलवाया गया, वह सच्चाई नहीं थी।

**पीड़ित की पत्नी ने मांगी सुरक्षा**-वहीं, उसकी पत्नी फूलमती कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि लगातार धमकियाँ मिल रही हैं और परिवार भय के माहौल में है।

**कांग्रेस के धरने के बाद भाजपा का थाने पर प्रदर्शन**-कांग्रेस के धरने-प्रदर्शन के बाद देर रात भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कोलगवां थाने पहुंच गए। जिला अध्यक्ष भगवती पांडेय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव किया और विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा व प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सुनियोजित तरीके से सांसद गणेश सिंह की छवि धूमिल करने की कोशिश कर रही है। भाजपा नेताओं ने थाना प्रभारी और सीएसपी को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर दर्ज की जाए, ताकि सच सामने आ सके और राजनीतिक दबाव से पुलिस को मुक्त किया जा सके।

# छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव नगर पालिका में अंतर्कलह, अध्यक्ष रमेश सालोडे के फैसले से भाजपा पार्षदों में भारी नाराजगी




छिंदवाड़ा। जुन्नारदेव नगर पालिका परिषद में एक बार फिर अंतर्कलह खुलकर सामने आ गई है। नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे के हालिया निर्णय ने पार्टी के भीतर ही बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। भाजपा के दो पार्षद– राजेंद्र सूर्यवंशी (वार्ड 12) और प्रमिला विजयपाल (वार्ड 13)– ने उन्हें बिना सूचना सभापति पद से हटाए जाने पर जिला अध्यक्ष शेषराव यादव को पत्र लिखकर गंभीर शिकायत दर्ज कराई है।

दोनों निष्ठावान पार्षदों ने आरोप लगाया है कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना या कारण के उनके पदों से हटा दिया गया है, जिससे उन्हें गहरा अपमान और पीड़ा हुई है। पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी को स्वच्छता एवं ठोस अवशिष्ट प्रबंधन विभाग से हटाया गया। पार्टी के निर्देशों का उल्लंघन

पार्षद प्रमिला विजयपाल को गरीबी उन्मूलन विभाग से हटाया गया। शिकायत पत्र में पार्षदों ने अध्यक्ष रमेश सालोडे पर तानाशाही कार्यशैली अपनाने का आरोप लगाया है। पार्षदों ने कहा है कि अध्यक्ष ने यह निर्णय न तो स्थानीय मंडल अध्यक्ष की स्वीकृति से लिया और न ही जिला अध्यक्ष को इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष सालोडे द्वारा सिर्फ दो सभापतियों को हटाना पार्टी दिशा-निर्देशों का खुला उल्लंघन है।

**पार्टी के लिए यह हानिकारक**-पार्षदों ने चेतावनी दी है कि अध्यक्ष के इस मनमाने कदम से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है और उनके वार्डवासियों तथा कार्यकर्ताओं के बीच गलत संदेश गया है। उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि जुन्नारदेव नगर पालिका में आगामी चुनाव नजदीक हैं और ऐसे समय में लिया गया यह तानाशाही निर्णय पार्टी की छवि के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। जिला अध्यक्ष शशेषराव यादव से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

# एसपी ने पूछा हेलमेट कहां है? पूर्व विधायक बोले- मुझे कानून मत सिखाओ; कट गया 2300 रुपये का चालान



बालाघाट। एक नवंबर से बालाघाट में दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चौपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य कर दिया गया है। शनिवार सुबह से रात तक एसपी आदित्य मिश्रा खुद चौक-चौराहों पर नियम तोड़ने वालों की निगरानी करते दिखे। पैदल चलकर लोगों को हेलमेट पहनने की अपील भी की, लेकिन राजघाट चौक पर हेलमेट को लेकर एसपी और परसवाड़ा के पूर्व विधायक उमाशंकर मुंजारे के बीच नोकझोंक हो गई।

बिना हेलमेट बाइक चला रहे पूर्व विधायक से एसपी ने हेलमेट न पहनने का कारण पूछा। इस पर मुंजारे भड़क गए। उन्होंने एसपी से कहा- मुझे कानून मत सिखाओ। मैं पूर्व विधायक हूं। इतना ही नहीं, मुंजारे ने खुद को जनप्रतिनिधि बताकर पुलिस पर धौंस जमाने की कोशिश की। एसपी ने पूर्व विधायक से ड्राइविंग लाइसेंस मांगा, आईडी प्रूफ दिखाने कहा, जिस पर मुंजारे बुरी तरह भड़क गए और कहा- मेरी गाड़ी, चोरी की गाड़ी है। मैंने कहां से चोरी की है, पता कर लो। इसके बाद पुलिस ने पूर्व विधायक की बाइक यातायात थाने में खड़ी कर दी और 2300 रुपये का चालान काटा। चालान की राशि जमा करने के बाद पूर्व विधायक को गाड़ी दी गई।




# इंदौर में अपार उल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस

## नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में हुआ मुख्य समारोह




इंदौर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस का उत्सव आज इंदौर में अपार उल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूरे शहर में विभिन्न सांस्कृतिक, विकासात्मक और जनभागीदारी कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिनमें नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य में मुख्य समारोह लता मंगेशकर सभागृह राजेन्द्र नगर में आयोजित किया गया। उनके साथ संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर श्री शिवम वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, विधायक श्री रमेश मेंदोला और श्री मधु वर्मा, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, जिला पंचायत सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, डीसीपी श्री कृष्ण मूलचंदानी, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रदेश की विकास और प्रगति पर है गर्व- मुख्य अतिथि श्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश आज विकास, सुशासन और नागरिक सहभागिता के क्षेत्र में देशभर में मिसाल कायम कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और मध्यप्रदेश की विकास यात्रा का विस्तार से उल्लेख किया। श्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का चहुँमुखी विकास हो रहा है। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। सड़कें अब गांवो तक पहुंच गई है। सिंचाई सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। आगामी वर्षों में प्रदेश की सिंचाई क्षमता को एक लाख हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे कृषि क्षेत्र को नई गति मिलेगी। प्रदेश में औद्योगिक विकास में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हाल ही में बदनावर में पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन किया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय अब बढ़कर 1 लाख 52 हजार रुपए तक पहुंच गई है, जो राज्य के आर्थिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में धार्मिक और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए भी विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश आज विरासत और विकास दोनों के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभर रहा है, जहां एक ओर ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण किया जा रहा है, वहीं आधुनिक विकास की दिशा में भी तेजी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

श्री विजयवर्गीय ने इंदौर की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इंदौर न केवल देश का सबसे स्वच्छ शहर है, बल्कि यह स्वास्थ्य, शिक्षा, उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का प्रमुख केंद्र भी बन चुका है। इंदौर को उन्होंने मध्यप्रदेश की संस्कार और सांस्कृतिक राजधानी बताया। पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए श्री विजयवर्गीय ने कहा कि वृक्षारोपण अभियान को जन-आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी दिशा में इंदौर ने एक दिन में 12 लाख 41 हजार पौधे लगाकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है, जो शहर के नागरिकों की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इंदौर ने स्वच्छता, नवाचार, हरित पहल और स्मार्ट सिटी मिशन के माध्यम से जो उपलब्धियाँ हासिल की हैं, वे पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

### श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट के तत्वावधान में 15 वरिष्ठ एवं 40 युवा हॉकी खिलाड़ी होंगे सम्मानत

इन्दौर। 7 नवंबर को भारतीय हॉकी राष्ट्रीय प्रशासनिक निकाय के गठन के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। 7 नवंबर 1925 को ही ग्वालियर में हॉकी के लिए एक राष्ट्रीय निकाय का आधिकारिक रूप से गठन किया गया था, जिसके बाद भारतीय हॉकी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

इस ऐतिहासिक अवसर श्री गीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा इन्दौर के 15 वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों एवं 40 युवा खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा।

उक्त जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद सत्यनारायण पटेल, मदन परमालिया एवं संयोजक संतोष यादव एडव्होकेट ने बताया कि शहर में पहली बार हॉकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य को लेकर ट्रस्ट के संरक्षक एवं अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल आगे आए और खेल की भावनाओं को जागृत करने के उद्देश्य से यह सम्मान समारोह 7 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे, रीगल तिराहा स्थित पुलिस अधीक्षक प्रांगण में स्थित इंडियन कॉफी हाउस सभागृह में आयोजित किया गया है।

## सुबह सुबह सफाई का जायजा लेने पहुँचे सीईओ जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन

इंदौर। इंदौर ग्रामीण में शहरी सीमा और हाइवे स्थित ग्राम पंचायतों में आज स्वच्छता के लिये हल्ला बोल शुरू हुआ । स्वच्छता गतिविधियों का जायजा लेने के सीईओ जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन आज सुबह 8 बजे देवगुराड़िया ग्राम पंचायत पहुँचे। उन्होंने यहाँ गाँव की गलियों का निरीक्षक किया। निरीक्षण में सनावदिया रोड पर कचरे के ढेर पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की तथा तत्काल मशीन बुलवाकर सफाई शुरू कराई। सुबह से ही ग्राम पंचायत में स्वच्छता के लिये ग्राम पंचायत के कर्मचारी, जनप्रतिनिधियों द्वारा भ्रमण कर पहले से पड़े कचरे के ढेरों को चिन्हित कर सफाई कराई गई। समस्त शासकीय अमले के साथ ग्रामीणों ने अपने गाँवो को स्वच्छ बनाने के लिये घरों से निकलकर गलियों और रोड साइड की सफाई शुरू कराई।



श्री जैन द्वारा पंचायत के सेग्रीगेशन शेड का भी निरीक्षण किया गया जहां प्रक्रिया अनुसार कार्य नही करने से काम कर रहे एनजीओ को चेतावनी दी गई कि यदि एक सप्ताह में सुधार कर मानक प्रक्रिया अनुसार कार्य नही करते है तो संस्था को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही की जायेगी।

निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत खुड़ैल खुर्द में पाया गया कि ग्राम पंचायत में कचरा गाड़ी बंद है,इस हेतु पंचायत सचिव को कार्य मे रुचि नही लेने से नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत काजी पलासिया क्षेत्र में अत्यधिक कचरे के ढेर पाये जाने से इन्हें भी कार्य में लापरवाही के लिये नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत खुड़ैल खुर्द में रहवासियों ने अवगत कराया कि फैक्ट्री का दूषित पानी नदी में डाल रहे इस पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को दंडात्मक कार्यवाही करने एवं इसकी रोकथाम के निर्देश दिये गये। श्री जैन ने बताया कि आज सभी चिन्हित 32 पंचायतो में स्वछता गतिविधयां की गई। यह लगातार एक माह तक जारी रहेगी। जिला स्तर से 21 जिला स्तरीय अधिकारियों एवं 30 खंड स्तरीय अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग के लिये नियुक्त किया गया है। आगामी एक माह में इन ग्राम पंचायतों में स्वच्छता की स्थायी व्यवस्था निर्मित कर स्वछता को स्थाई बनाया जायेगा। भ्रमण में परियोजना अधिकारी श्री मुकेश वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत इंदौर श्री अशोक मालवीय पीसीओ एवं पंचायत सचिव आदि उपस्थित थे ।

## अमेरिकी टीम ने दिल जीत लिया, इंदौर में दान कीं 20 सिलाई मशीनें, बोले- सेवा ही धर्म




इंदौर। रोटरी इंटरनेशनल के वैश्विक भाईचारे और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भावना को मजबूत करते हुए, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 (भारत) ने डिस्ट्रिक्ट 5330 (कैलिफोर्निया, अमेरिका) से आई रोटरी मैत्री आदान-प्रदान (ऋन्श्च) टीम का गर्मजोशी से स्वागत किया। यह अमेरिकी टीम मध्य और पश्चिमी भारत की 12 दिवसीय यात्रा पर इंदौर पहुंची है। यह यात्रा इस वर्ष मई 2025 में डिस्ट्रिक्ट 3040 की ऋन्श्च टीम की अमेरिका यात्रा के बाद, एक पारस्परिक आदान-प्रदान कार्यक्रम का हिस्सा है।12 दिवसीय दौरा, स्क्क राजस्थान का भ्रमण

रोटरी मैत्री विनिमय कार्यक्रम रोटेरियनों और उनके परिवारों को विभिन्न संस्कृतियों का अनुभव करने और अंतर्राष्ट्रीय सद्भावना बनाने का एक अनूठा अवसर देता है।

### देवउठनी ग्यारस की रात सड़कों पर खूनी संघर्ष, नाबालिग की हत्या, रहवासी क्षेत्रों में तोड़फोड़



इंदौर। शहर में देवउठनी ग्यारस की आधी रात को एक नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद मृतक के साथियों ने जमकर हंगामा किया और कई गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन संदेहियों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह आपसी रंजिश बताई जा रही है।

देर रात दो गुटों में खूनी संघर्ष- घटना एमआर-9 स्थित मदर हुड हॉस्पिटल, संजय नगर के पास की है। शनिवार देर रात करीब 12 बजे यहां युवकों के दो गुटों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि पहले हाथापाई हुई और फिर दोनों तरफ से हथियार निकल आए। इसी दौरान एक समूह के युवकों ने 17 वर्षीय अमन पिता घनश्याम कुशवाह (निवासी सेठी नगर) पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। घायल अमन को गंभीर हालत में फौरन अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हत्या के बाद दोस्तों का हंगामा- अमन की मौत की खबर मिलते ही उसके 25 से ज्यादा साथी गाड़ियों से घटनास्थल पर पहुंचे। वे गुस्से में थे और उन्होंने संजय गांधी नगर, नादिया नगर और एलआईजी कॉलोनी के कुछ हिस्सों में जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने राहगीरों पर पथराव किया और कुछ गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। हंगामे को देखकर घबराए लोग अपने घरों में दुबक गए और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस की कार्रवाई- 3 संदेही हिरासत में- सूचना मिलते ही एडिशनल डीसीपी अमरेंद्र सिंह और एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद हमलावर फिर लौटे तो पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे गलियों से भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ लिया और थाने ले गई। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि प्रारंभिक तौर पर हत्या का कारण आपसी रंजिश सामने आया है। आरोपियों की तलाश जारी है और उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, पार्किंग व्यवस्था बेहतर बनाने, बीआरटीएस मार्ग को समय-सीमा में हटाने, फ्लाईओवर निर्माण में तेजी लाने, अनफिट वाहनों की जांच और उनके विरूद्ध कार्रवाई करने से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री दिलीप कुमार यादव, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाडे, डीसीपी ट्रैफिक श्री आनंद कलादगी, अपर आयुक्त नगर निगम श्री रोहित सिसोनिया, स्मार्ट सिटी के सीईओ श्री अर्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री रोशन राय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।




बैठक में बताया गया कि आज से बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने की कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। इसके मद्देनजर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने कहा कि बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने की कार्रवाई निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित की जाए। इस मार्ग पर डिवाइडर निर्माण का कार्य समानांतर चलते रहे। यह सुनिश्चित किया जाए कि बीआरटीएस कॉरिडोर हटाते समय यातायात सुगम बना रहे। भविष्य में भी यातायात सुगमता के लिये भी विस्तृत कार्य योजना बनाई जाए।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# कार्तिक माह में भगवान महाकाल की दूसरी सवारी श्री चंद्रमोलीश्वर के रूप में भगवान श्री महाकालेश्वर अपनी प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे

उज्जैन। श्रावण-भाद्रपद माह की तरह श्री महाकालेश्वर भगवान जी की कार्तिक माह की द्वितीय सवारी सोमवार 03 नवंबर 2025 को सभामंडप में सायं 04 बजे विधिवत पूजन-अर्चन के बाद राजसी ठाट-बाट के साथ निकाली जावेगी।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक श्री प्रथम कौशिक ने बताया किए मंदिर परिसर स्थित सभामण्डप में पूजन उपरान्त भगवान श्री महाकालेश्वर श्री चंद्रमोलीश्वर के रूप में अपनी प्रजा को दर्शन देने व उनका कुशलक्षेम जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

श्री चंद्रमोलीश्वर भगवान की सवारी में श्री महाकालेश्वर बैंड, पुलिस बैण्ड, घुड़सवार दल, सशस्त्र पुलिस बल के जवान आदि के साथ श्री महाकालेश्वर मंदिर से गुदरी चोराहा, बक्षी बाजार, कहारवाडी होते हुए रामघाट क्षिप्रा तट पहुंचेगी, वहां माँ क्षिप्रा के जल से पूजन के पश्चात भगवान श्री चंद्रमोलीश्वर की



सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, मोड की धर्मशाला, कार्तिक चोक, खाती का मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, ढाबा रोड, टंकी चोराहा, छत्री चोक, गोपाल मंदिर, पटनी बाजार, गुदरी चोराहा होते हुए पुनः महाकाल मंदिर पहुंचेगी।

इसी क्रम में परंपरानुसार श्री महाकालेश्वर भगवान की कार्तिक एवं अगहन -मार्गशीर्ष माह में निकलने वाली श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारियॉ क्रमशः तृतीय सवारी 10 नवम्बर 2025 तथा चतुर्थ (राजसी) सवारी 17 नवम्बर 2025 को निकाली जावेगी।

### हरिहर भेट की सवारी हर सौपेंगे हरि को सृष्टि का भार

श्री महाकालेश्वर मंदिर से सोमवार 03 नवंबर 2025, को रात्रि 11.00 बजे हरिहर मिलन की सवारी निकाली जावेगी। मान्यता है किए श्री हर (श्री महाकालेश्वर भगवान) श्री हरि (श्री द्वारकाधीश जी) को सृष्टि का भार सौपते हैं।


श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक श्री प्रथम कौशिक ने बताया कि परम्परा अनुसार श्री महाकालेश्वर मंदिर के आन्तरिक परिसर स्थित सभामंडप से रात्रि 11 बजे श्री महाकालेश्वर भगवान की पालकी धूम-धाम से गुदरी चोराहा, पटनी बाजार होते हुए गोपाल मंदिर पहुंचेगी।

जहां पूजन के दौरान बाबा श्री महाकालेश्वर जी बिल्व पत्र की माला श्री गोपाल जी को भेट करेंगे एवं वैकुण्ठनाथ अर्थात श्री हरि तुलसी की माला बाबा श्री महाकाल जी को भेट करेंगे। पूजन उपरांत श्री महाकालेश्वर जी की सवारी पुनः इसी मार्ग से श्री महाकालेश्वर मंदिर वापस आयेगी।

सवारी के साथ मंदिर के पुजारी-पुरोहित, कर्मचारी, अधिकारी आदि सम्मिलित होंगे एवं हरिहर मिलन सवारी के पश्चात श्री महाकलेश्वर मंदिर में प्रातः काल भस्मार्ती में भी हरिहर मिलन होगा।

# फ्रीगंज में गुंज रही रामचरित्र मानस की चौपाइयां

## श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में आज लगेगा 56 भोग अन्नकूट



उज्जैन। फ्रीगंज स्थित श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर पर चल रहे रामचरित मानस के नवाह्नपारायण में आज 3 नवंबर को 56 भोग अन्नकुट संध्या 7 बजे से लगाया जाएगा। 4 नवंबर को मंदिर पर सहस्त्र दीपदान संध्या का आयोजन शाम 6 से 7 बजे तक होगा। वहीं 4 नवंबर वैकुंठ चौदस को रात्रि 8 से 10 बजे भगवान श्री राम का राज्याभिषेक उत्सव कर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

मंदिर पुजारन स्व. श्री लीलाबाई शर्मा द्वारा प्रारंभ की गई परंपरा रामचरित मानस के नवाह्नपारायण के अनुष्ठान का यह 66वां वर्ष है। फ्रीगंज स्थित श्री प्रकटेश्वर महादेव मंदिर में पुजारी परिवार द्वारा आयोजित इस अनुष्ठान में रामचरित्र मानस की चौपाइयां गूंज रही हैं। 27 अक्टुबर से प्रारंभ हुए इस अनुष्ठान में प्रतिदिन संध्या 7.30 से रामचरितमानस के पारायण का पाठ सअर्थ किया जा रहा है। 5 नवंबर को प्रातः 10 बजे से हवन, श्री रामायण की पुर्णाहुती व प्रसाद वितरण कर दोपहर 12 बजे आरती के साथ समापन होगा। कार्यक्रम का आयोजन मंदिर पैतृक पुजारी घनश्याम शर्मा परिवार द्वारा श्री शिव विष्णु समिति व मंदिर भक्त मंडल के सहयोग से किया जा रहा है।

# मायापुरी कॉलोनी में मिली प्राचीन खंडित पाषाण प्रतिमा



उज्जैन। एमआर 4 रोड स्थित मायापुरी कॉलोनी उज्जैन में एक खाली प्लॉट पर एक प्राचीन खंडित पाषाण प्रतिमा परित्यक्त हालत में पड़ी हुई है। जिसे राज रॉयल कॉलोनी निवासी सचिन टोके द्वारा खोजा गया है। प्रतिमा परमार कालीन ब्लैक लावा स्टोन की बनी हुई प्रतीत हो रही है जिस पर ऊपर पद्मासन मुद्रा में गौतम बुद्ध बने हुए हैं।

# बात जो दिल से निकलती है -डॉ. अखिलेश चौरे




उज्जैन। रूपांतरण दशहरा मैदान पर ग़ज़लांजलि साहित्यिक संस्था की काव्य-गोष्ठी आयोजित हुई। दीप प्रज्ज्वलन पश्चात सामूहिक सरस्वती वंदना की गई। डॉ. श्रीकृष्ण जोशी की अध्यक्षता में ग़ज़ल बात दिल से निकलती है असर रखती है, निकल के दिल से ये दिल का ही सफ़र करती है... डॉ. अखिलेश चौरे ने पढ़ी तो वोट की महिमा बताती कविता वोट समाज के समत्व, राष्ट्रधर्म, स्वराज है, वोट राष्ट्र रूपिणी पुनीत है, पवित्र है...विनोद काबरा ने पढ़ी। रामदास समर्थ ने है सरल जीएना ये जीवन कठिन, आ तू सिर्फ जी ले इंसान बन के... रचनापाठ के क्रम में सत्यनारायण सत्येन्द्र द्वारा सुबह सुहानी, साँझ सुरमई, लुका छिपी खेल रही, सूरज की किरणे हरियाली फैली चहुँ ओर ... कविता पढ़ी। डॉ. विजय सुखवानी ने किसी पराई शय पर नज़र नहीं रखी, दौलत गैर की अपने घर नहीं रखी...ग़ज़ल पढ़ी। ग़ज़ल का दौर चला तो विजय सिंह गहलोत साकित ने तन्हाई मुक़द्दर है तनहा सफ़र रहेगा, बस दर्द सहारा है ग़म राहबर रहेगा... ने और पलकों से कभी जो छलका भी नहीं है, वो दर्द समझ लीजे हल्का नहीं है... ग़ज़ल शायर आरिफ़ अफ़ज़ल ने पढ़ी। डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने भी संस्मरण सुनाये।

# मध्य प्रदेश युवा आँजना समाज के दीपावली मिलन समारोह में युवाओं से आव्हान, समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं

## मध्य प्रदेश युवा आँजना समाज की नई कार्यकारिणी की घोषणा की



उज्जैन। मध्यप्रदेश युवा आँजना समाज और आँजना समाज रिश्तो जोड़ो, समाज जोड़ो के द्वारा दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश युवा आँजना समाज की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई और नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

दीपावली मिलन समारोह संयोजक प्रदेश अध्यक्ष विजय आंजना ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की प्रगति के लिए हमें नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ना होगा। उन्होंने समाज के युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष जसवंत आँजना और हटेसिंह आँजना ने कहा कि समाज की एकता और संगठन की शक्ति को मजबूत करने के लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहना होगा। जिला अध्यक्ष जसवंत ऑजना ने कहा कि समाज के विकास के लिए हमें मिलकर काम करना होगा। प्रदेश महामंत्री हर्ष आँजना ने कहा कि समाज की एकता और संगठन की शक्ति को मजबूत करने के लिए हमें निरंतर प्रयासरत रहना होगा। अध्यक्ष तहसील घट्टिया ने कहा कि समाज के विकास के लिए हमें मिलकर काम करना होगा।

सिंहस्थ 2028 में अपनी सेवाएं देगा आंजना समाज

दीपावली मिलन समारोह में आगामी सिंहस्थ 2028 को लेकर भी चर्चा हुई। आँजना समाज ने निर्णय लिया कि आगामी सिंहस्थ में आँजना समाज अपनी सेवाएं देगा और भंडारे का आयोजन करेगा, जिसमें समाजजन सहित अन्य समाज को भोजन प्रसादी कराई जाएगी। इस दौरान समाज के कई वरिष्ठजनों ने अपनी राशि देने की घोषणा की। विजय आंजना प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में आँजना समाज की सेवाएं और भंडारे का आयोजन समाज की एकता और संगठन की शक्ति को प्रदर्शित करेगा। उन्होंने समाज के सदस्यों से आह्वान किया कि वे इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लें और समाज की सेवाएं दें। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें समाज के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दीपावली के पावन अवसर पर आयोजित इस समारोह में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और समाज की एकता और समृद्धि की कामना की। आँजना मैरिज गार्डन, सोडंग सारीबारी में आयोजित समारोह में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# नारायणा ई-टेक्नो विद्यालय में तीन दिवसीय खेलोत्सव का हुआ भव्य समापन




उज्जैन। देवास रोड स्थित नारायणा ई-टेक्नो विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय खेलोत्सव का रविवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीएसपी पुष्पा प्रजापति उपस्थित रहीं। वहीं विद्यालय प्रबंधन की ओर से जोनल हेड सुमित टंडन, क्लस्टर प्रिंसिपल रीना खुराना, ई-टेक्नो कोऑर्डिनेटर शौरी प्रकाश, ई-चैम्प कोऑर्डिनेटर शक्ति मैडम, ई - चैम्प रिसोर्स पर्सन चरिता मैडम, ई-किड्स कोऑर्डिनेटर प्रियंका मैडम, स्पोर्ट्स हेड गौरांग सर, कुंदन सर एवं प्राचार्या उषा कल्याणी मैडम ने अतिथियों का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इस खेलोत्सव में मध्य प्रदेश की 11 शाखाओं कृ इंदौर ए.बी. रोड, इंदौर सिलिकॉन, देवास, उज्जैन, भोपाल एस.टी.टी., भोपाल कोलार, ग्वालियर आनंद नगर, ग्वालियर सिरोल, जबलपुर, शिवपुरी तथा विदिशा कृ के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन सभी शाखाओ में ओवरऑल चैंपियन ग्वालियर सिरोल ब्रांच रही और द्वितीय स्थान पर एस. टी. टी भोपाल ब्रांच रही। तीन दिवसीय इस खेल महोत्सव में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए खेल भावना एवं टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर विजेता टीमों का उत्साहवर्धन किया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com